कुलसचिव कार्यालय
चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर(उ0प्र0)

पत्रांक: सीएसएयू/आर –1196/2022 दिनांक: जून 18, 2022

कार्यालय ज्ञाप

जैसा कि सर्वविदित है कि धरती के प्राकृतिक वातावरण को पर्यावरण का नाम दिया गया है जो मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों और वनस्पतियों को पृथ्वी पर रहने एवं पुष्पित–पल्लवित होने में सहायक होता है। व्यक्तित्व का विकास स्वच्छ वातावरण में ही सम्भव है अर्थात पर्यावरण का दैनिक जीवन से सीधा सम्बन्ध है। पर्यावरण हमें दो अति आवश्यक तत्व प्राणवायु और जल प्रदान करता है जो हमारे जीवन के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है। चाहें वे पशु, पौधे या जलीय जीव–जन्तु हों सभी को आक्सीजन और ताजी हवा की जरूरत होती ही है।

उक्त के दृष्टिगत मा0 कुलपति महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 23–30 जून, 2022 तक विश्वविद्यालय के समस्त प्रांगणों में पर्यावरण हितैशी सप्ताह (Eco-friendly Week) मानये जाने का निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय मुख्य परिसर में आवागमन हेतु ई–रिक्शा उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग किया जाना वांछनीय है। साथ ही यह भी अपेक्षा की जाती है कि विश्वविद्यालय परिसर में यथासम्भव डीजल एवं पेट्रोल वाहनों का न्यूनतम उपयोग किया जाये।

अतः समस्त अधिकारियों/शिक्षकों/वैज्ञानिकों/कार्मिकों एवं छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे इस पर्यावरण हितैशी सप्ताह में वायुमण्डल एवं जलमण्डल की रक्षा करते हुये सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिसर को प्रदूषण मुक्त रखने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

(सी0 एल0 मौर्य)
कुलसचिव

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्त
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी/समन्वयकों को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने आधीनस्थ अधिकारियों/शिक्षकों/कार्मिकों को इस महान कार्य हेतु प्रेरित करें।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण को इस आशय से कि वे छात्रावास अधीक्षकों के माध्यम से समस्त छात्र/छात्राओं को इस महान कार्य हेतु प्रेरित करें।
3. डा0 अर्चना सिंह, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना।
4. प्रभारी, ए.के.एम.यू को इस आशय से कि वे उपरोक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. सूचना पट, कुलसचिव कार्यालय।
6. कुलपति के तकनीकी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. गार्ड फाइल, कुलसचिव कार्यालय।

18/6/22

(सी0 एल0 मौर्य)
कुलसचिव

Naac(nr)